" जैनना आजना अंकनो वधारो "

[किताब-चर्चापत्र,-]

(जिसको.)

नश्वेतांबरधर्मोपदेष्टा-विद्यासागर-न्यायरत्न

महाराज-शांतिविजयजीने मुरत्तिबकिया;

मुकाम-पुना-मुल्कदखन,

समे दलिचंद-सुखराज,-जेसिंग-साकलचंद,-

और दक्षिणनिवासीके-लेखकाजवाब दर्जहै,

ब-खुबीदेखलो,-

[इसको]

शेठ-दोलतरामजी--खूबचंदजी--साकीन पांचोरा-

मुल्क-खानदेशने फायदेआम-जैनश्वेतांबर

संघके छपवाकर जाहिर किया,-

प्रथमआवृत्ति, २५००

दोहा,

समकीती जीवकोढीभलो-जाके देह-न-चांम,

विनाभक्ति भगवानके-कंचनदेह निकाम,-१,-

अहमदाबाद-सिटी-प्रिंटिंग प्रेसमें-शाह-

चंदुलाल छगनलालने छापा,-

संवत् १९७४— (मुफ्त,-)— सन, १९१७-

ग्रन्थ सं० ....
सदर बजार सिरोही

☞ [-दिबाचा,-]

किताब-चर्चापत्रबहुतअर्सेसे बनाइगइथी, मगर ब-सबब-कमफुरसतके छपवानेमें देरीहुइ, अबतोछपकर आपलोगोके सामने रखीगइहै,-इसकोपढलिजिये, चर्चाकेग्रंथपढनेसे आदमी होशियारहोजाताहै, और ग्रंथकर्त्ताकी दिइहुइदलिले एकसाथ पढनेका मौकामिलताहै, इसमेदलिचंद-सुखराजके पुछेहुवेसवालोके जवाबदर्ज है, जेसिंग-सांकलचंदके और दक्षिणनिवासीके लेखकाभी जवाब इसमेंमौजूदहै, आपलोगदेखिये ! बयानशुरुआतकिताब-दरबयान प्रतिदिनचर्या,-बीचबयान जिनमंदिरके दर्शन,-दरबयान बांसकादंडा,-और देसकालका सहारा,-बीचबयान पंन्यासपदवी और जातिस्मर्णज्ञान,-दरबयानरैलविहार,-बयानतीर्थकुल्पाकजी, औरउसका जीर्णोद्धार,-दरबयान, रत्नकंबल,-बयानपुस्तक छपवानेके बारेमें,-बीचबयान वचनसे शासनदेना,-बयान दीपकरखनेके बारेमें,-दरबयानस्थंडिलभूमि,-बीचबयान विद्यासागर न्यायरत्नपदवी,-दक्षिणनिवासीके लेखकाजवाब,-अखीरभाग चर्चापत्र,--और-निर्णयचर्चापत्र,-वगेरालेख काबिलदेखनेके है,-आपलोग व-गौरपढे, और सचबातका इम्तिहानकरे,-सच पानीमेंडुबता नही और आतीसमें जलता नही, दुनियामें सचहमेशां सबपर शिरोताज बना रहताहै,—

(ग्रंथकर्त्ता,-)

☞[चर्चापत्र,-]

(जैनश्वेतांबरधर्मोपदेष्ठा-विद्यासागर-न्यायरत्न-
महाराज-शांतिविजयजी तर्फसे.)

[इसमे दलिचंद-सुखराज,-जेसिंग सांकलचंद,-और दक्षिणनिवा-
सीके लेखका जवाबदर्ज है, बखूबीदेखलो, !-]

☞(कवित्त,-)

अरिहंतके जपेसे अष्टकर्मको विनाशहोत-सिद्धके जपेसेसब सिद्धपदपाइये,
आचारजकेजपेसे आतमविशुद्धहोत-उपाध्यायके जपेसेसदाउंचपदपाइये,
साधुकेजपेसे सर्वकामसिद्धहोत-अष्टसिद्ध नवनिधदायककहाइये,
कहतहैविनोदिलालमनवचनातिहुंकाल-परमेष्टिकेध्यानसे परमपदपाइये, १

☞(दोहा.)

ग्यारह अंग बारहउपांग-चौदहपूरव सार;
याहुमेते निकसो-महामंत्र नवकार,- १
जिनवानी जिने रुचकरी-पाइतत्वपरतीत,
जिने जिनवानी जानीनही-भटकेभवभयभीत, २
सुनकर वानी जैनकी-क्यौंनधरे मनधीर,
धर्म विनायह जीवकी-कौनहरे भवपीर, ३
माला फेरत हाथमें-जीभाहिलतमुखमांहि,
मनुवा फिरत बजारमें-येभी समरन नांहि. ४

☞(बयान शुरुआत किताब.)

१–इसकिताबमें अवल दलिचंद–सुखराजकेलेखका जवावादिया–गयाहै, बादऊसके जेसिंग–सांकलचंदके लेखका–और–अखिरमें दक्षिणनिवासीके–लेखकाजवाब बतलायागयाहै, इसको एकदफे अवल-सेअखीरतक पढलिजिये और सचबातका इम्तिहान किजिये, अगर आपको जैनअखबार पढनेकाशौखहै–तो तारिख (१३) जुलाइ सन (१९१५) के जैनअखबारमें–मेने–जो–दलिचंद सुखराज खिवेसरा–साकीन धुलिया–जिलेखानदेशके (२३) सवालोके जवाबदियेथे. आपलोगोने पढेहोगे,–दलिचंदसुखराज खिवेसराने ऊनसवालोपर फिर कुछलेख लिखाहै, उसका जवाब इसकिताबमें देताहुं. सुनिये !

२–आगे दलिचंद सुखराज अपने लेखकीशुरुआतमें लिखतेहैकि-शांतिविजयजी संवेगी मुनि कहलाकर मुनिधर्मके विरुद्ध बरतावदेखकर मेने (२३) प्रश्नपुछेथे,–

(जवाब.) पुछेथे–तो–ऊनका जवाबभी ऊसीवख्त–जैन–और-जैनशासन अखबारमें देदियाथा,–आपलोगोने पढाहोगा, शांतिविज-यजीके पास माकुल जवाबोंकी कमी–नही, जिसमहाशयको मेरा बरताव मुनिधर्मसे विरुद्ध दिखाइदेवे,–वो–मेरेपास–न–आवे, और मुजको मुनितरीके–न–माने, में–किसीको कहनेनहीजाताकि–आपलोग मुजको मुनितरीके मानो, जिसशख्शमें अगर श्रद्धा–ज्ञान–और चा-रित्र मौजूदहै, और ऊसको किसीने मुनितरीके नही माने–तो–क्या-हुवा ? और अगर ऊसमें श्रद्धाज्ञान–चारित्रगुण नही है, और ऊस-को–किसीने मुनितरीके माने–तो–क्याहुवा ? शांतिविजयजी हिंदु-स्थानके तमाममुल्कोमें सफरकरचुके है. गांवगांव–और–शहरशहरमें

जहां श्रावकोंकी आबादी है,-ऊनको मुनितरीके माननेवाले श्रावक-बहुत है.

अगर मेरा बरताव मुनिधर्मसें विरुद्धदिखाइदेताथा,-तो-तुम-खुद-शहरधुलियेमे जब-मेने-संवत् (१९७१) की सालका चौमासा किया-मेरी व्याख्यानसभामें धर्मशास्त्रसुननेको क्यौंआतेथे ? क्या ! ऊसवख्त-में-रेलमें नहीबेठताथा ? जब-मेराआना शहरधुलियेके टेशनपरहुवाथा,-धुलियेके श्रावकश्राविका-मयबेंड-बाजावगेरा जुलुसके पेशवाइकों मेरेसामने आयेथे. खयालकरनेकी जगहहैकि-अगर धुलियेके श्रावक मुजको-मुनितरीके-नहीमानतेहोते-तो-ऐसा क्यौं-करते ? और बडीआर्जु-मिन्नतकरके मेरेकों चौमासा क्यौं ठहराते ?

३—फिर दलिचंद सुखराज अपनेलेखमें बयानकरते हैकि-उत्त-रदाताने सत्यसे सो कोसदुररहकर उडाउ जवाब दिये है, प्रश्न एक-ढंगसे कियेगये है, उत्तर दुसरे ढंगसे दिये है.—

(जवाब.) कौन कहसकताहै उत्तर दुसरेढंगसेदिये है. जिसढं-गसे सवालकियेथे उसीढंगसे जवाबदिये है. मेरेदियेहुवे जवाब इन्सा-फसे-सोकोश दुरनही, बल्कि ! बहुत नजदीकहै, बजरीये जैन और जैनशासन अखरके हजारां शख्शोने बांचेहोगे,-कइमहाशयोके अभि-प्रायभी मेरेपास आयेहुवे मौजूदहै,

४—आगे दलिचंद सुखराज तेहरीरकरते है, उत्तरदाताने प्रश्न-कर्त्ताके आसयकों छिपानेका भरपेट प्रयत्न कियाहै, उसकी समालो-चना करना मुजे जरुरी मालुमहुवा,

(जवाब.) चाहे जितनी समालोचना करतेरहो,-में-उसपर प्रतिसमालोचना करनेलिये मुस्तेजहुं, सवालकर्त्ताके आशयकों-वो-छिपावे जिसकेपास माकुलजवाब-न-हो, जिसकीमरजीहो-ब-मरी-

येलेखके सामनेआवे, मेरीलेखनी जवाबदेनेकों तयारहै, सवालकर्त्ताके सवाल कौनसे अवधिज्ञानीकेथे, जो जवाबदेनेमें सोचनापडे,

५—फिर दलिचंद सुखराज इसमजमूनकों पेंशकरतेहै, मुताजी प्रथवीराजजी—रतनलालजीने शांतिविजयजीकी तुलना तीर्थंकरोसे करनाचाही, परंतु प्रमाणशुन्य ऐसालिखनेसे शांतिविजयजीका बरताव संवेगीधर्मानुसार नहीहोसकता,

(जवाब.) जैसे दुसरेसंवेगीमुनिने पंचमहाव्रत लिये है, शांतिविजयजीनेभी लिये है, जैसे दुसरेसंवेगीमुनिकों घरहाट—हवेली—खेंतीवाडी नही, वैसे शांतिविजयजीकोंभी नही, जैसे दुसरेसंवेगीमुनि—गौचरीजाते है, शांतिविजयजीभी जाते है, जैसे दुसरेसंवेगीमुनि—व्याख्यानधर्मशास्त्रका बांचते है, शांतिविजयजीभी बांचते है, जैसेदुसरेसंवेगीमुनि—पीलेकपडे पहनते है,—शांतिविजयजीभी पहनते है, फिर किसप्रमाणसे कोइकहसकतेहै ? उनका बरताव संवेगीधर्मानुसार नही, शांतिविजयजीका बरताव संवेगीधर्मासारहै—जभी—तो—हिंदके गांवगांवमें जहां श्रावकलोग आबादहै,—उनकों—मुनितरीकेमानते है, रैलमें बैठकर एकगांवसे दुसरेगांव सफरकरते है,—तोभी—श्रावकलोग मयबेंड—बाजावगेराजुलुसके पेशवाइकरते है,—उनका—व्याख्यान सुनते है, चौमासा ठहरानेकेलिये विज्ञप्तिकरते है, रैलकिराया वगेरा खर्चदेकर आदमी शाथ भेजते है, एकगांवसे दुसरेगांवतक पहुचानेजाते है, वंदनाकरते है, और भक्तिकरते है, इससे ज्यादा और क्या होगा ? यूंतो—तीर्थंकरोकोंभी—कइलोग—तीर्थंकरतरीके नही मानतेथे,—ऐसा आपलोग जैनशास्त्रोमें सुनतेहो,—इसीतरह—शांतिविजयजीको कोइश्रावक—जैनमुनितरीके—न—माने—तो—क्याहुवा ?—धर्मश्रद्धाजोराजोरी नही होसकती, श्रीयुत—प्रथवीराजजी रतनलालजी मुताका लिखना कोइप्रमाणशून्य नही, बल्कि ! प्रमाणयुक्तहै,—

६—आगे दलिचंद सुखराज बयानकरते है, मुताजीसाहब प्रथ-वीराजजी रतनलालजी आपशांतिविजयजीके भक्तहोगें, मगर हमने आपकों इसबातका कबपुछाथा, जिससे जैनपत्रका देढकोलम व्यर्थ-कालाकिया.

(जवाब.) तुमने नहीपुछाथा—तो—क्याहुवा? सचबात लिखने-का सबकोहकहै, जैनपत्रका देढकोलम कालानहीकियाहै, बल्कि! स-चबातलिखकर उजला कियाहै, उजलेकों कालासमजना गलतहैं, श्री-युत प्रथवीराजजी रतनलालजी मुता—बेशक! शांतिविजयजीके भक्त-श्रावकहै, क्योंकि—वे—शांतिविजयजीकी धर्मतालीमसे मूर्त्तिपूजापर श्रद्धावालेबने है, जिसमहाशयने जिससे बोधपायाहो, उसकी—वे—ता-रीफकरे, इसमें कौनताज्जुबकीबातहै,—

७—फिर दलिचंद सुखराज तेहरीरकरते है,—में—यहबात पहले-जानताथाकि—मेरेप्रश्नोकेजवाब शांतिविजयजीको अपनीसहीसे देना मुश्किलहोजायगा क्योंकि—उनकेजवाबमे मेरेपास बहुतसा मखजनहै.—

(जवाब.) तुमारेपास जितना मखजनहै, उससेज्यादामखजन शांतिविजयजीकेपास मौजूदहै, मुजे किसीकेजवाबदेनेमे कोइमुश्किल-नही, चाहे जितने सवालकरतेरहो,—और—मेरेसे माकुलजवाबपातेरहो, जैनपत्रमें मेने कितने महाशयोके सवालोपर जवाबदिये है, देखलो! तुमारे सवालोकेजवाबदेनकेलिये अपनेहस्ताक्षरकी सहीसे सामने आ-गयाहुं, श्रीयुत—प्रथवीराजजी रतनलालजीअपने गुरुकी वकालतकरे, इसमें कौनताज्जुबकी बातहै? जिनको—जिसका उपकारहो,—उनकी—वे—वकालत करेहीकरे, मेरेदियेहुवे जवाबोमें कोइक्या! पोल निका-लेगा?—वे—इसकदरमजबूतहै, जिसमें शूचिप्रवेशहोनाभी मुश्किलहै, और अगर मेरेदियेहुवे जवाबोंको पढकर किसीका शकबढ जायतो

बढजाआ, इसमें कोइक्याकरे ? तीर्थंकरदेवोंकी धर्मतालीमसेभी किसीकिसीका शकबढजाताथा, बतलाओ ! इसमें क्या ! तीर्थंकराका दोष समजना ? हर्गिज नही !! बल्कि ! समजनेवालोकी समजका फर्कथा,-में-उमेदकरताहुं मेरेजवाबोंकोंपढकर कइमहाशयोका-शकरफा होजायगा, और-जो-मेरेसेरुबरु नहीमिले है,-वें-मेरेलेखकों पढकर वाकिफहोजायगेंकि-शांतिविजयजीका बरताव इसतरहकाहै,-

(बयान-प्रतिदिनचर्या.)

८—आगे दलिचंद सुखराज इसमजमूनकों पेशकरते है, शहरधुलियेमें शांतिविजयजीका ठहरना दशमहिनेहुवा, जिसमें सवेरेसें बारांबजेतककी शांतिविजयजीकी दिनचर्या सुनलिजिये ! साढेसात तथा आठबजे शय्यासे उठना, सुगंधीतेल लगाना, चाहदुध पीना, गपशप लगाना, तबतक भोजनकावख्त होजाताथा, इतनेमें बारांबजेतकका टाइम बीतजाताथा.

(जवाब.) खूबकहा ! इतनालिखना औरभी भूलगयेकि-शांतिविजयजी व्याख्यानभी नहीबांचतेथे, फरमानतुमारे अगर-में-आठबजे शय्यासे उठताथा,-तो-बतलाइये ! व्याख्यान कबबांचताथा ? संवत् (१९७१) का चौमासा जबमेंने शहरधुलियेमें किया, उसवख्त तुमभी मेरीव्याख्यानसभामें आतेथे. साढेआठबजे-तो-मेरे व्याख्यानका टाइमथा, मेरीप्रतिदिनचर्या तुमने क्यालिखी, जिसने मेरीप्रतिदिनचर्या-न-सुनीहो सुनलेवे, चारघडी पीछलीरातसे-में-उठताहुं,-अपराजिता महाविद्या-जो-महानिशीथसूत्रके मूलपाठमे लिखी है, पढताहुं, बादउसके प्रतिक्रमणकरताहुं, फिर प्रतिलेखनाकरके स्थंडिलभूमि जाताहुं, दोघडीदिनचढेपर अगर अपनाचंद्रस्वर चलताहो-तो-

चाहदुध पीताहुं, नहीतो ! वोभी पडारहताहै, क्यौंकि-में-हरवख्त खानपान और विहारमें स्वरोदयज्ञानसे बरतावरखताहुं, साढेआठबजेसे साढेनवबजेतक व्याख्यानधर्मशास्त्रका बांचताहुं, दशबजेतक ज्ञानचर्चा-खतमहोनेपर थोडा विश्रामलेकर ग्यारहबजे गौचरीकों जाताहुं, और बारांबजेतकआहारपानीसे फारकहोताहुं, नवीनग्रंथबनाना, आयेगयेहुवे शख्शोसे धर्मकेबारेमें बहेसकरना, प्रतिलेखना करना, और शामकों आहारकरना, बादप्रतिक्रमण-ज्ञानचर्चा-और-योगाभ्यास चिंतवनवगेरा कार्योंसेंनिवर्तनहोकर शयनकरताहुं, इसतरह संक्षिप्तदिनचर्या-मेरी है,-मुजेधर्मकामसे फुरसतही नहीमिलती,-तो-गपशप क्याकरुंगा, ? मेरेसहवासमें आनेवाले खुदजानतेहोगे, चाहेजितना कोइमेरेबारेमे लेखलिखे, इनबातोसें-में-कुछ परवाह नहीकरता,-

(दर बयान जिनमंदिरके दर्शन,)

९—फिरसवालकर्त्ताने जिनमंदिरके दर्शनकेबारेमे पुछाहै, इसके जवाबमें-मालुमहो-रोगादिकारणहो,-बारीश होतीहो,-बडेबडे शहरोमें जहां जिनमंदिर दुरहो,-तो-अपनेपास स्थापनाजीमें-जो-सिद्धचक्रजीकायंत्र-या-चौविसीजीकी तस्वीरहोती है,-उसकेदर्शनकरलेवे, अैसाहुकमहै. जिनप्रतिमा-चाहे-छोटीहो,-या-बडी-एकसमान पूजनीक कही.

१०—आगे दलिचंद सुखराज लिखते है, जिनप्रतिमा छोटीबडी समानहै-तो-फिर शत्रुंजय गिरनार आदितीर्थोंकी यात्राजानेकी क्या गरज ! यदि जानेकी आवश्यकताहै,-तबतो-शहरमें-जो-प्रतिष्ठितमंदिरहोते है,-वेभी-एकप्रकारके तीर्थमानेगये है,

(जवाब.) हरेकशहरके मंदिरतीर्थ नहीमानेगये है, सवालकर्त्ता जैनशास्त्रोमे तलाशकरे, जैनशास्त्रोंमे तीर्थ-वे-मानेगये है, जहां तीर्थक-

होके कल्याणिकहुवेहो, जहां जैनमुनियोंकी मुक्तिहुइहो,-या-कोइ अतिशययुक्तक्षेत्रहो, शांतिविजयजीकी दलिल कमजोरनही है,-जो-दुटजाय, शत्रुंजयगिरनारवगेरा तीर्थ-मुताबिक जैनशास्त्रके जैनतीर्थ माने गये है, इसलिये उनतीर्थोंकी जियारतजाना जैनोकाफर्ज है, शांतिविजयजीने मजकुरतीर्थोंकी जियारतकिइहै, उनकी बनाइहुइ किताबजैनतीर्थगाइड देखो ! उनोने कितनेजैनतीर्थोंकी-जियारत किइहै, ?

(बीचबयान बासकादंडा-और देशकालका सहारा.-)

११—फिर दलिचंद सुखराज बयान करते है, जैनशास्त्रोमें-तो-बांसकादंडा रखनाकहा, मगरआजकल देशकालानुसार शिशमका-या-सागुनका-दंडा रखाजाताहै, जबशास्त्रोमें बांसका दंडारखना आपमंजुरकरते है,-तो-फिरदेशकालका बहाना लेकर आपके शांतिविजयजी बांसकादंडा क्यौंनही रखते ?

(जवाब.) यही-तो-शांतिविजयजीकी तर्क हैकि-जैनशास्त्रोमें जैनमुनिको-बांसकादंडा रखनाकहा, फिरआजकल जैनसंवेगीमुनि-शिशमका-या-सागुनकादंडा क्यौंरखते है,? दलिचंद सुखराज इसबातकी तलाशकरे. शांतिविजयजीकी दलिल उंचीडिग्रीकी है.

आगे दलिचंद सुखराज तेहरीरकरते है,-आप देशकालका सहारालेकर चरितानुवादपर जाते है,

(जवाब.) देशकालका सहारा कौनलेते है ? और चरितानुवादपर कौनजाते है, इसबातकी फिर तलाशकिजिये,-मै-चरितानुवादपर नहीजाताहुं,-बल्कि साफकहताहुं,-विधिवादपर चलो, क्यौंकि-विधिवाद खास तीर्थंकरोका फरमानहै, उसीपर सबजैनोंकों पाबंदरहनाचाहिये, विधिवाद सर्वव्यापी है, औरचरितानुवाद अल्पव्यापी है,-

विधिवादमें लिखाहै,–जैनमुनिको उद्यान–बनखंड–या–पहाडोकी गुफामेरहना, विधिवादमें लिखाहै, विहारमेंभी जैनमुनिकों नोकरचाकर–या–श्रावकवगेराकी सहायता नहीलेना, असाहयक होकर पवनकीतरह अप्रतिबद्धविहारीहोना, विधिवादमें लिखाहै, जैनमुनि नवकल्पीविहार करे, विद्यापढनेकेलियेभी एकशहरमें–या–गांवमें ज्यादे अर्सेतक–न–रहे, विधिवादमें लिखाहै–जैनमुनि दिवसके तीसरेप्रहरमें गौचरी जावे, विधिवादमें लिखा है जैनमुनि दिवसमें–एकही दफे खाना खावे, और आहार लेने जावे जब बेतालिस तरेहके दोषरहित भिक्षा लेवे, विधिवादमें लिखा है किसीके लडकेकों विनाहुकम उसके वारीशोके दीक्षा–न–देवे, विधिवादमें लिखा है–जैनमुनि–योगवहन करते वख्त अकेले उपवास, एकासने–या–आचाम्ल कर लिये और योगवहन होगया, ऐसा–न–समजे, बल्कि! जिस शास्त्रका योगवहन करना शुरु किया हो,–उस शास्त्रका मूल पाठ और अर्थ कंठाग्र करे.

अगर कहा जाये. पहले जैसी पुन्यवानी नही रही, पहले जैसा बलपराक्रम नही रहा, वीतराग संयम नही रहा, सातमे गुणस्थानसे उपरके गुणस्थान नही रहे, इस लिये देशकालका सहारा लेना पडता है, और द्रव्य क्षेत्र काल भाव देखकर वर्तना पडता है, तो–फिर सोचो! इरादे धर्मके द्रव्य क्षेत्र काल भावकी सडकपर आना पडा–या–नही? पंच महाव्रत धारी–उत्कृष्ट संयमी बनना सहेज नही है, उसपर अमल करना चाहिये,

१३–फिर दलिचंद सुखराज इस मजमूनको पेश करते है, प्रवचनसारोद्धार शास्त्रमें–जो–चमडेके सपाट पहननेके सबब बतलाये है,–उनमेसे किस सबबसे–शांतिविजयजी चमडेके सपाट पहनते है?

(जवाब) तारिख (१३) जुलाइ–सन १९१५ के–जैनपत्रमें प्रव-

चनसारोद्धारका पाठ-और-उसका अर्थ-छपवा दिया है,-आप लोगोने देखा होगा. अगर शक हो-तो-प्रवचनसारोद्धार शास्त्र देखकर अपना शक-रफा करो, शांतिविजयजी उनही सबबोसे चमडेके सपाट पहनते है, जिस जैनमुनिके पांवके तलवोमें दर्द हो, पांवके तलवे फट जाते हो,-उस हालतमें चमडेके सपाट पहनना हुकम है,-पांवके तलवोंमें दर्द होना-या-फटजाना,-यहबात अटवीकेही ताल्लुक नही, चाहे अटवीहो-या-शहरहो-उपरबतलायेहुवे-सबबोसे जैनमुनि चमडेकेसपाट पहनसकते है, शांतिविजयजीकी दिइहुइदलिल इसकदर मजबूत हैकि-किसीहालतमें टुटनहीसकती, प्रवचनसारोद्धारशास्त्रकों सवालकर्त्ता मानते है-या-नही ? अगरमानते है-तोइसबातकों मंजुरकरे, अगर नहीमानते है-तो-बदलेका पाठदेकर मजकुरदलिलको तोडे, प्रवचनसारोद्धारशास्त्रकों माननेमें सवालकर्त्ता-इनकार-नहीकरसकते, क्यौंकि-उनोने अपनेहीलेखमें जैनमुनिकों अप्रशस्तभाषा-नहीबोलनेके बारेमें उक्तशास्त्रका पाठदियाहै,—

१४-आगे दलिचंद सुखराज बयानकरते है,-प्रवचनसारोद्धारकी बातकों शांतिविजयजी अपने मतलबकेलिये मंजुररखते है, मगर शांतिविजयजीकोतों तीर्थंकरोंके वचनोशिवाय जैनाचार्योंके वचनोंपर पुरा विश्वासभी-नही,—

(जवाब.) बेशक! मुजेऐसे जैनाचार्योंके-वचनोंपर पुराविस्वासनही-जो खिलाफहुकम तीर्थंकरोंके बयानफरमागयेहो, और यह बातठीकभी हैकि-जैनमें तीर्थंकरदेवोसें ज्ञानमें कोइबडानही,-इसबातको कौनजैन गलतकहसकेगा ?-में-अपनेमतलबकों नहीलेताहुं,-तीर्थंकरोंके वचनोकों लेताहुं, प्रवचनसारोद्धारकेवचनपर सवालकर्त्ताको शकहो-तो-दुसरेजैनशास्त्रकापाठ देकर-उसकों-रदकरे. में-उसपर जबावदुंगा,—

(बयान पंन्यासपदवीऔरजातिस्मर्णज्ञान,-)

१५-फिरदलिचंद सुखराज तेहरीरकरते है,-मुनि-सौभाग्यविजयजीके जवाबमें शांतिविजयजी लिखते है, श्रीमान् रत्नशेखरसूरिजी कुछ केवलज्ञानी नहीथे, छद्मस्थथे, चारज्ञानके धारकभी भूलते चलेआये,—

(जवाब.) बेशक! मेंतो अबभी कहताहुं, श्रीमान् रत्नशेखरसूरिजी केवलज्ञानीनहीथे, और चारज्ञानके धारकपुरुषभी भूलतेचले आये, पंन्यासपदवीके बारेमें हकीकतसुनिये! किसी जैनागममें पंन्यासपदवी नहीलिखी, अगरलिखीहो,-तो-कोइ-पाठबतलावे, आजतक किसीने पाठनहीबतलाया, कोइकहते है, आचार्यपदमें गिनलो, कोइ कहते है, पंडितपदमें दाखिलकरलो, मगर विनाशास्त्रसबुतके कोइजैन इसबातको मंजुरनही करसकते,

१६-आगे दलिचंद सुखराज इसदलिलको पेशकरते है, प्रवचनसारोद्धारकेकर्त्ता-नेमिचंद्रसूरिजी कौनसे तीर्थंकर-गणधरथे, जिनके वचनोपर चमडेकेसपाटपहननेका सहारालियागया,

(जवाब.) अगर प्रवचनसारोद्धारके कर्त्ताके वचनप्रमाणीक नहीथे-तो-तुमने खुदअपनेलेखमें-जैनमुनिको अप्रशस्तभाषा नहीबोलनेके संबंधकापाठ क्यों मंजुररखा? परउपदेशमें कुशलबनना, इससेअपनेलेखपर खयालकरनाठीकहै, इन्साफकहताहै जिसजिस जैनाचार्यके बनायेहुवे ग्रंथमें-जोजोवचन मुताबिक विधिवादकेहो,-उनको-मानना चाहिये,-जोजो खिलाफहो,-उनको नहीमाननाचाहिये, यह सिधीसडकहै,-चाहे प्रवचनसारोद्धारके कर्त्ता-नेमिचंद्रसूरिजीहो-या-कोइ दुसरे जैनाचार्यहो,-तीर्थंकरगणधरोसे ज्ञानमें कोइबडानही,

१७-फिर दलिचंद सुखराज इसमजमूनको पेशकरते है,-शांतिविजयजीने-जातिस्मर्णज्ञानकी चर्चामे लिखाहै,-नदृश्या भाविनो देवा-नचजातिस्मृति र्नृणां,-इसदीपमालाकल्पके आधे श्लोकसे अपनामतलब लेनाचाहाथा,-यह कौनसे तीर्थंकर गणधरोके वचनहै, ?

(जवाब.) दीपमालाकल्पका यहफरमान मुताबिक विधिवादके है, इसलिये प्रमाणीक मानागयाहै,-विधिवाद तीर्थंकर-गणधरोका कहाहुवाहोताहै, मेनेजो जातिस्मर्णज्ञानके बारेमे दीपमालाकल्पके आधेश्लोकसेअपना मतलबलेनाचाहाथा,-इसमे कौन बेमुनासिबबातथी ? तीर्थंकरदेवोने एक-त्रिपदीसेही द्वादशांगवानीका मतलब लियाहै, सचीमिशाल एकभी बहुतकाम देती है. नकली मिशाले हजारों-हो-तोभी-क्याकामकी, ?

दीपमालाकल्पमें-जो-कलंकीराजाका होना तीर्थंकरमहावीरस्वामीके निर्वाणबाद (१९१४) वर्समेंलिखाहै, यह बयान सूत्रमहानिशीथके पाठसे विरुद्धहै, और महानिशिथसूत्र खास विधिवादहै,-जो-बात खिलाफविधिवादके हो-वो-नहीमाननाचाहिये,-महानिशिथसूत्र देखिये, उसमें क्यालिखाहै,-उसमें साफलिखाहै, कलंकीराजा-श्रीप्रभअणगारकी हयातीमेंहोगा, युगप्रधानयंत्र देखाजायतो-उसमे-श्रीप्रभअणगारको आठमें उदयके पहले युगप्रधानलिखे है,-जिसको शकहो महानिशिथसूत्र और-युगप्रधानयंत्र देखे, पांचमें आरेमें धर्मका तेइसदफे उदय-और तेइस दफेअस्तहोगा, जमानेहालमें तीसराउदय चलताहै, कलंकीराजाका होना जो श्रीप्रभअणगारकेवख्तमें महानिशीथसूत्रमेंलिखाहै-वो-आठमेंउदयमें होगा,-

१८-फिर दलिचंद सुखराज लिखते है,-जो-बात अपनेमतलबकी होती है वो-मानलिइजाय,-और-जो-आपके विचारसे विरुध्धहो,-

उसकेलिये आपआगे यह कहदेते है,-यह वचन कौनसे आगमोंके है,

(जवाब.) मैं-तो-अबभी यही कहता हुं,-आगमवचनसे खिलाफबात-न-मानो,-जैनमजहबमें तीर्थंकर-गणधरोसे ज्ञानमें कोइबडा नही,-इसीलिए-में-बातबातमें फौरन ! कहदताहुं-यह-वचन कौनसे जैनागमके है,-

१९-आगे दलिचंद सुखराज बयानकरते है,-शांतिविजयजी चमडेकेसपाट पहनतेहै, मगर देशकालानुसार आज कोइभी संवेगी साधु नही पहनते, क्योंकि-शास्त्रविरुद्धहै,

(जवाब.) चमडेके सपाट जैनमुनिकों अमुक-अमुक कारणोसे पहनना-शास्त्रविरुद्ध नही, बल्कि ! प्रवचनसारोध्धारशास्त्र साबीती देताहैकि-इनइनसबबोसें जैनमुनि चमडेके सपाट पहने, तारिख (१३) जुलाइ सन (१९१५) के-जैनअखबारमें पाठभी-मेने जाहिरकरदिया है, दुसरे संवेजी-जैनमुनि-नही पहनते, इससे शांतिविजयजीकों क्या ? और इसलेखमें सवालकर्त्ताने देशकालकानुसारका सहारा क्यों लिया,? शास्त्रके पाठपर खयाल क्यों नही किया ?

२०-फिर दलिचंद सुखराज तेहरीरकरते है,-आप हरेकबातमें इरादा बीचमें लातेहो,-यह आपकी कमजोरी है,—

(जवाब.) जो लोग इरादेकी बातकों नही समजसकते, ऊनकी कमजोरी है, जैनशास्त्रोमें तीर्थंकर-गणधरोने-जोजो-बातें कहीहै, इरादेपरही कही है,-इरादा कहो-या-मनःपरिणाम कहो, बात एकही है,-जैनमुनिकों चौमासेमे विहारकरना नहीकहा, और बीमारीवगेरा-का-कारणहो,-तो-इरादेधर्मके करनाभी कहा, जैनमुनिकों हरीवनस्पतिका स्पर्शकरना नहीकहा, मगर किसीखाडेमें गिरपडेहो,-तो-इरादेधर्मके हरीवनास्पति-लतावेलडीको पकडकर उपरआजानाभी

कहा,-जैनमुनिकों सचितजलका स्पर्शकरनानही कहा, मगर मुल्कोंकी सफरकरतेवख्त-रास्तेमें अगर नदीआजाय-तो इरादेधर्मके उसमें पांवदेकर सामने कनारे चलेजानाकहा, कहिये! इरादेकी सडक कितनी मजबूतहै,-जिसपर बातबातमें आनापडताहै, और जिसबातपर खयालकरोगे, बीचमें इरादा जरुरआयगा,—

(दरबयान-रैल विहार.)

२१-आगे दलिचंद सुखराजने-रैल-और-मोटारके बारेमे जो कुछ मजमून पेशकियाहै,-उसका जवाबदेताहुं, सुनिये!-आजकल-ब-सबबरैलके कइश्रावक अपना वतनछोडकर हजारां कोशोपर जा बसे है, जहांकि-जैनधर्मका-निशानभी-नहीपाता, और-वहांकोइ गीतार्थजैनमुनि उनकोरास्ता धर्मकाबतलानेवाले नहींमीलतेउसहालतमेंकोइ गीतार्थजैनमुनि ब-जरीये रैलके वहांजावे,-और-उनश्रावककों तालीम धर्मकी देवे,-तो-फायदाधर्मकाहै, मुल्कगुजरात-काठियावाडमें जहां जैनोंकी आबादी-ज्यादाहै, वहां जैनमुनिकों पैदल विचरना मुश्किल नही, अहमदावादसें सुरत बडोदेतक-इधर महीकांठेसे पालणपुरतक विचरनाभी कुछ मुश्किलकी-बातनही, मगर तमामहिंदुस्थानमें जहां श्रावकोकी आबादीदुरपरहै,-विनासहायताके आनाजाना दुसवारहै,-अगरकहाजाय जहां श्रावकोकी आबादी-न-हो, या-कमहो, अैसी जगह द्रव्यक्षेत्रकाल भावदेखकर सहायता लेवे तोकोइहर्जनही, फिर द्रव्यक्षेत्रकालभावकी सडकपर चलिये,—

जैनमुनिकों मुल्कोंकी सफरकरतेवख्त-अगररास्तेमें नदीआजाय तो-नावमें बेठनाहुकमहै, नाव पानीमेंचलती है, रैल जमीनपरचलती है, जैसे नदीमें नावकेचलनेसें पानीकेजीवोकी हिंसाहोगी, मगरइरादे धर्मके भावहिंसानही, वैसे रैलमेंभी इरादेधर्मके जैनमुनिकों भावहिंसा

नही, अगरकोइ जैनमुनि–शौखसे–या–अपनेआरामकेलिये रैलसवारी करे–तो–बेशक ! पापहै, औरउसकी मुमानियतभी है, क्यौंकि–उसका इरादा धर्मपर नहीरहा, आवश्यकसूत्रके अवल अध्ययनमें लिखा हैकि–धर्मरुचिअणगार नावमेंबेठकर गंगानदीउतरे, जब इरादेधर्मके नावमें बेठना भावहिंसा नही–तो–रैलभी एकतरहकावाहनहै, और रैल किसी एकशख्शकेलिये नहीचलती, चाहे उसमेंकोइ बेठनेजावे–या–न–जावे, वो–अपनेटाइमपर आयाजायाकरती है, जहां संसारका कोइमतलब–न–हो, सिर्फ ! धर्मोपदेशदेनेका सबबहो, वहांइरादा धर्मकाहै,–इसीलिये इरादेधर्मके–मैं–रैलमें बेठकरमुल्कोकी सफरकरता हुं, और श्रावकोको तालीमधर्मकी देताहुं, मेरे उपदेशसे कइजगह–जैनश्वेतांबरमंदिरोका–तीर्थोंका–और धार्मिक–कार्योंका सुधाराहुवाहै, होताहै, और आगेको होनेका संभवहै,—

२२–फिर–मेने–जो–दलिचंदसुखराजके तेइससवालोके जवाबमे सूत्रआवश्यककापाठदेकर कहाथाकि–एकधर्मरुचिनामके जैनमुनि नावमेंबेठकर गंगानदीकेपारउतरे, वहठीककहाथा, इसपरसवालकर्त्ता लिखतेहै, उसपाठका अर्थकियाहै, वो–व्याकरण और धर्मशास्त्रसे विरुद्ध एवं असत्यकियाहै,—

(जवाब.) कौनकहसकताहै असत्यकियाहै, देखिये वो–पाठयहां फिर दिखलाताहुं, और उसका अर्थभी करादिखलाताहुं, सुनिये !

लोकेन बहुना सार्द्धं–नावा धर्मरुचिं मुनिं,
गंगामुत्तारयामास–नंदनामकनाविकः १,

इसपाठका माइना यहहुवाकि–एक धर्मरुचिनामके जैनमुनि–नावमेंबेठे और नंदनामके नाविकनेउनको गंगानदीकेपार उतारे, इसपा-

नका अर्थचाहे व्याकरणके कानुनसे करो, या-भावार्थसे करो, बात वहीआयगी-जो-उपर लिखीगइहै,

२३-आगे दलिचंद सुखराज इसमजमूनको पेशकरते है, धर्मरुचिमुनिस्वयं शांतिविजयजीकी तरह किरायादेकर गंगापार नही उतरेथे,

(जवाब.) मेने मेरेलेखमें ऐसाकहां लिखाहैकि-धर्मरुचिमुनि-किराया देकर गंगापार उतरे, अगर लिखाहै,-तो-कोइ बतलावे, शांतिविजयजी-सफरके वख्त जबजब नावमें-या-रैलमें बेठते है, किराया शाथमे रहनेवाले आदमी देते है, और गांवगांवके श्रावकलोग अपनीभक्तिसें-खर्चदेकर आदमी शाथभेजते है,

(बीचबयान तीर्थकुल्पाकजी और उसका जीर्णोद्धार.)

२४-फिर दलिचंद सुखराज बयानकरते है, जो तीर्थ कुल्पाकजीकेलिये लिखा गया है,-वो-बिल्कुल गलतबात है, कुल्पाकजीके जीर्णोद्धारके बारेमें वहांके श्रावकोका विचार शांतिविजयजीके जानेके पहलेसेही-होरहाथा, और प्रतिष्ठाभी बिकानेरनिवासी-ऊपाध्यायश्री रामलालजी गणीजीके हाथसे हुइथी,

(जवाब.) तीर्थ-कुल्पाकजीके मंदिरकी प्रतिष्ठा दुसरीदफे हुइ नही, जो पहलेकी है,-वही कायमहै,-अगर मेरेजानेसे पहलेही जीर्णोद्धारकरानेका विचार श्रावकोकाथा, तो-मेरेजानेसे पहले जीर्णोद्धारकाचंदाकरके कामशुरु क्यौंनहीकियाथा? तीर्थकुल्पाकजीके मंदिरका जीर्णोद्धार संवत् (१९६५) में-मेरे ऊपदेशसेहुवाहै, ऊससाल मेराचौमासा दखनहैदराबादमेंहुवाथा, मेने दखनहैदराबादके जैनश्वेतांबर श्रावकोकों व्याख्यानसभामें ऊपदेशदियाकि-आपलोग-मुल्कमारवाडसें यहां व्यापारकेलिये आए, दौलत पैदाकिइ और नजदीकके जैनतीर्थका

जीर्णोद्धार नहीहुवातो ठीकनही, उनोनेकहा आपकुल्पाकजी तीर्थमें पधारे, हमलोग शाथचलते है, उसवख्त श्रावकोकेशाथ दखनहैदराबादसे मेराजाना तीर्थकुल्पाकजीमें हुवा, जो-बेजवाडा-लाइनमे आलेरटेशनसे दो-कोशदुरहै, तीर्थकुल्पाकजीमें कुल्पाकनामका एकगांव आबादहै, मगरउसमें जैनश्वेतांबरश्रावकोंकी आबादी बिल्कुलनही, तीर्थकुल्पाकजीका मंदिर देखागयातो निहायतपुराना और बेंमरम्मत पाया, मेने उसवख्त उसमंदिरके बाहारके दालानमे बेठकर दखनहैदराबाद-और-सिकंदराबादके श्रावकोंको उपदेशदिया, उसीवख्त मेरे रुबरु श्रावकोने जीर्णोद्धारके खर्चेका चंदाकिया, और जीर्णोद्धारका काम शुरुहुवा,-आज उसतीर्थकी निहायतरक्की हुइहै, संवत् (१९६६) में-शहरमद्रासका चौमासा पुराकरके जबदुसरीदफे मेराजाना तीर्थकुल्पाकजीमें हुवाथा, उसवख्त तीर्थकुल्पाकजीके मंदिरके शिखरपर धजादंड चढायागयाथा, प्रतिष्ठा नहीकिइगइथी, उसवख्त विकानेर निवासी-उपाध्यायश्रीरामलालजी गणीजीभी वहांआयेथे-और-मेरी औरउनकी वहां मुलाकातहुइथी, दरयाफत कियाजाय उसवख्त कुल्पाकजीके मंदिरका धजादंड चढायागयाथा-या-प्रतिष्ठा हुइथी, ?- देखिये ! इसतरह मुल्कदखनमें रैलविहारसे मेराजानाहुवा-तो पुराने जैनतीर्थोंका उद्धारहुवा,-या-नही ? इसीलिये-में-इरादे धर्मके-रैलविहार करताहुं.

(बयान-रत्नकंबल.)

२५-आगे दलिचंद-सुखराज तेहरीर करते है. पेस्तरके जैनमुनि लाखलाख रुपयोकेरत्नकंबल औढतेथे,-यहबात जुठहै,—

(जवाब.) आवश्यकसूत्रमें बयानहै,-एक-शिवभूतिनामके जैनमुनिने रथवीरपुरनगरके राजासे रत्नकंबल लियाथा, पेस्तरके जैन-

मुनि रत्नकंबल ओढतेथे, जभी जैनशास्त्रोमे उसका बयानदर्जे है, जैनमुनिको वस्त्रपात्रवगेरा उपधिमें ममत्वभाव नहीरखनाकहा, ममत्व भावरहित योग्य और किंमतीवस्त्र ओढेतो कुछहर्जेनही,

२६–फिर दलिचंद सुखराजइसदलिलकों पेंशकरते है, जैनशास्त्रोमें साधुको अचेलक लिखाहै, अचेलकका माइना कल्पसूत्रादिग्रंथोमें और टीकाओमें मानोपेत जीर्णप्रायवस्त्र रखनाकहा, औरआपतो पचरंगी रेशमी उनीरुमाल और दुशालेओढते है, फिरआपमें अचेलकत्वधर्म कैसेमानाजाय ?

(जवाब.) जैनशास्त्रोमें जैनमुनिकों श्वेतमानोपेत जीर्णप्रायवस्त्र रखनाकहा, फिर पीतवस्त्ररखनेवाले जैनमुनिमें आपलोग अचेलकत्व धर्म–मानतेहो–या–नही ? और जीर्णप्रायवस्त्रकी जगह नयेमलमल और जगन्नाथीके कपडेलेवे–तो उसजैनमुनिको आपलोग जीर्णप्रायवस्त्रधारी कहेंगे–या–कैसे ? जीर्णप्रायवस्त्रधारी जैनमुनिको–जीर्णवस्त्रही लेनाचाहिये, अगरकहाजाय–श्वेतमानोपेतवस्त्रकी एवजमें पीतवस्त्र–जो–धारणकियेगये है यह इरादे धर्मरक्षाकेकारणसे कियेगये है, तो फिर कारण और इरादेकी सडकपर चलिये, और खयाल किजिये, इरादेकी बात कितनी मजबूत ठहरी, जिसपर हरवख्त आनापडताहै,

२७–आगे दलिचंद सुखराज इसमजमूनकों पेंशकरते है, रंगबेरंगी दुशालेरखना, और दिनमें तीनदफे पुशाकबदलना, क्या ! इसको अचेलकत्वधर्म कहते है ? क्या ! कपडेबदलनेमें आत्माका साधनहै ?

(जवाब.) अगरकपडेबदलनेमें आत्माका साधननही है,–तो–बतलाइये ! जैनमुनि–शुभह–शामकों प्रतिलेखना करतेवख्त–दो–दफे कपडेक्यों बदलते है, ? शांतिविजयजी दिनमे तीनदफेपुशाक नहीबदलते, जैसेदुसरे जैनमुनि प्रतिलेखनाकेवख्त दोदफे बदलतेहै, उसी

तरह-शांतिविजयजीभी-दोदफे बदलतेहै, रंगबेरंगीदुशाले औररेशमी-रुमालरखनेका जवाबसुनिये! पीलेकपडे रखनाअह एकतरहका रंगहुवा, एकतरहकारंग मंजुरहुवा-तो-दुसरीतरहकारंग-रखनेसे चारित्रधर्म चलानहीजाता, जैनमुनिकों जरीकाकपडा-रखनामनाहै,-सो-शांतिविजयजी-जरीकेकपडे नहीरखते, फिरऊनको कोइक्याठपका देसकतेहै,?

२८-फिर दलिचंद सुखराज बयानकरतेहै, रुइकीगादी बीछाकरसोना-सुगंधीतेललगाना, गृहस्थसे आहारमंगाना, इनमें रोगादिकारणबतलाया,-तो-शांतिविजयजीके शरीरमें ऐसाकौनसा रोगहै ?

(जवाब.) रोगादिकारणहोना-शरीरकाधर्म है, तीर्थंकर महावीरस्वामीके शरीरमें केवलज्ञानकी हालतमेंभी रोगपैदाहुवाथा-तो-दुसरे जैनमुनिके शरीरमें रोगपैदाहोना कौनताज्जुकीबातहै ? शांतिविजयजीके मस्तकमें और नेत्रमेंरोगहै-जभीतो-चश्मे-लगातेहै, और सुगंधीतेल इस्तिमालकरतेहै,-रोगादिकारणसे जैनमुनिको-शतपाक-सहस्रपाक-और-लक्षपाकतेललगाना हुकमहै, रोगादिकारणसे जैनमुनिकों घास-बीछाकरसोनाहुकमहै, घासपरकंबल-और-कंबलपर-रुइकाकपडा बिछायाजाताहै, गृहस्थसे आहारमंगवाकरखानेका जवाबसुनिये ! कभी रोगादिकारणहोजायतो जैनमुनिकों गृहस्थसे आहारमंगवाकरखानेकाभी हुकमहै, इसमेंबातक्याथी,-?

२९-मैनेजो-सूत्रआवश्यकका पाठदेकर लिखाथाकि-एकजैनमुनिके शरीरमें रोगथा, उसहालतमें-एक-जीवानंदजीनामके वैद्यने उसजैनमुनिके शरीरपर लक्षपाकतेल मर्दनकियाथा, गोशीर्षचंदन लगायाथा, और रत्नकंबल ओढायाथा, इसपर दलिचंद सुखराज लिखते है-देखिये ! महाव्याधिहोनेपरभी-उसआत्मार्थी साधुने अपना उपाव शांतिविजयजीकी तरह बीचमें इरादा धर्मकालाकर नही किया,-और-न-किसीसे कहकर करवाया,

(जवाब.) अगर बीचमें इरादाधर्मका लाकर उसआत्मार्थीसाधुने इलाजनही करवायाथातो–जिसवख्त–जीवानंदजी वैद्यने उस जैनमुनिके रोगका इलाजकरना शुरुकिया उसवख्त मना क्यौं–नही किइ? और ऐसा क्यौंनहीकहाकि–हमारेरोगका इलाजकोइ मतकरो, हमअपने पूर्वकृतकर्मकों भोगतेरहेंगे, दरअसल इरादेधर्मकेही उसजैनमुनिने इलाजकरवायाथा, और–जीवानंदजी वैद्यने इरादेधर्मकेही इलाजकियाथा, इसबातकों कोइ गलतनही कहसकता,

आगे दलिचंद सुखराज तेहरीर करते है,–गौतमगणधरने अष्टापदपर्वतपर तापसोकों भोजनकरवायाहै,–वो–गौचरीलाकर करवायाहै, गणधर गौतमस्वामीने मौललेकर नहीकरवाया,—

(जवाब.) शांतिविजयजी कब कहते है, गौतमस्वामीने मौल लेकर तापसोंकों आहारकरवाया? अगर किसीजगह ऐसाकहाहो,–तो–साबीतकरे, या–मेरेलेखमें ऐसा कोइलेखबतलावे, गौतमस्वामीने अष्टापदपर्वतकेनीचे थोडीसी–क्षीरसें–जो–पनरांसो तापसोंको आहार करवाया, अक्षीणमहाणसनामकी लब्धिचलाइ–यह–इरादेधर्मके चलाइ–या–किससबबसे? अगर कहाजाय इरादेधर्मके चलाइथी–तो–खयालकिजिये–इरादेधर्मकी सडक कितनीमजबूतहै, जिसपर गौतमगणधर जैसे महापुरुषभी चलतेथे,—

३०–फिर दलिचंद सुखराज इसमजमूनकोंपेशकरतेहै, कल्पसूत्रमें **नवरसप्रधाना विकृतयोभी क्षणंवारंवारं आहारयितुं नकल्पते,**–ऐसापाठहै, इसकामतलब यहहैकि–बलवान् और निरोगीमुनिकों घृतदुग्धवगेरा पौष्टिकपदार्थोंका आहारनही करनाचाहिये,

(जवाब.) इसकेमाइनेमें वारंवारशब्दकों क्यौंछोडदिया? सवालकर्त्ता तलाशकरे इसपाठमें देखो! वारंवार घृतदुग्धवगेरा पौष्टिकपदार्थ

खानेकीमनाहै, मगरकभीकभी खानेकीमनानही, शांतिविजयजी घरके भेदी है,—कल्पसूत्रकापाठ हरसाल पर्यूषणोकेदिनोंमें बांचते है,—ऊनसे क्याछिपाहै ?

३१—आगे दलिचंद सुखराज लिखतेहै, देवपुरजीनके बगीचेमें खुर्शीबीछाकरबेठे—इसमें वनास्पतिकासंघटन—हुवा—या—नही ?

(जवाब.) देवपुरजीनके बगीचेमें खुर्शीवनास्पतिपर नहीबीछीथी, अलगबीछीथी, इसलियेसंघटन नहीहुवाथा,—यहजिक्र संवत् (१९७२) के—प्रथमवैशाखसुदी सप्तमीकेरोजकाहै, जबकि—में—शहर धुलियेसे रवानाहोकर सीरपुरकों जाताथा,—शहरधुलियेके श्रावक—श्राविका मयबेंडबाजावगेरा जुलुसके मुजकों देवपुरजीनके बगीचेतक पहुचानेकों आयेथे. वहां—मेने श्रावकोकोंधर्मोपदेश सुनायाथा,—ऊसवख्त—एकशख्शने खुर्शीलाकर मेरेपासरखीथी, और ऊसपरमेरा बेठनाहुवाथा, जैनमुनिकों खुर्शीपरबेठनेसें ऊनकाचारित्रधर्म नहीचलाजाता, जैसेपाट पाटले—और व्याख्यानकातख्त वगेरालकडेके बनेहुवेहोतेहै,—वैसे—खुर्शीभीलकडेकी बनीहुइहोतीहै,—

३२—ज्योतिषशास्त्र एक दीव्यज्ञानहै, और उर्दू जबानमें उसकों नजुम कहते है, तीर्थंकर-गणधरोंने-जैनागम-चंद्रप्रज्ञप्ति-सूर्यप्रज्ञप्ति-वगेरामें नजुमका बयानफरमाया, महानिशीथसूत्रमें महाविद्याओ बतलाइ, नजुम और मंत्रशास्त्रका जानना अगर पापहोता, तो तीर्थंकरगणधर जैनशास्त्रोंमें उसकाबयान क्योंफरमाते ? जैनाचार्य भद्रबाहुस्वामीने उपसर्गहर—तथा—ग्रहशांतिस्तोत्र बनाये, जैनाचार्य—सिद्धसेन—दिवाकरजीने कल्याणमंदिर और मानतुंगसूरिजीने भक्तामरस्तोत्र—बनाये, और उसमें बीजमंत्र दर्जकिये है, फर्जकरो ! अगर मंत्रशास्त्रका जानना बेमुनासिब होताती—असा क्योंकरते ? इनके बनानेवाले जै-

नाचार्य पंचमहाव्रत धारीथे–या–कौन ? अगरकोइ जैनमुनि इरादे धर्मके किसीश्रावकको जैनस्तोत्रके आराधनकी विधि बतलावे तो कोइहर्जनही, शांतिविजयजी इसीतरह जैनस्तोत्रकी विधि योग्यश्रावकको बतलाते है, और–वे–योग्यश्रावक धर्मकाममें द्रव्य खर्चकरते है, शांतिविजयजीके शाथ–पंडित–या–लेखक–वगेरा–एकदो–आदमी हमेशां बनेरहते है,–अगर कोइ श्रावक शांतिविजयजीके शाथ चलनेवाले नोकरको रास्तेके खर्चकेलिये कुछद्रव्य देवे, तो उस श्रावकको पुन्यहोनेका सबबहै,–इसमे शांतिविजयजीको परिग्रह क्या लगा ?

ज्योतिषशास्त्रके बारेमें बयान सुनिये,–ज्योतिषशास्त्र सचाहै, मगर उसका जाननेवाला सचाहोनाचाहिये. अगर ज्योतिषशास्त्र सचा–न–होता–तो–ज्योतिषी लोग–जमीनपर बेठकर आस्मानके सितारोका–हाल और चंद्रसूर्यका ग्रहणहोना कैसे बतला सकते, ? ज्योतिषशास्त्रकी सचाइका यहीतो–नमुनाहै, कितनेक वर्सोसे–बजरीये नजुमके निकालाहुवा हरसालका बरतारा मेरी तर्फसे जैन अखबारमें छपताहै,–आपलोगोने पढाहोगा, तारिख–२३–जुलाइ–सन–१९१६ के जैनअखबारमें छपाथाकि–जैनधर्मका बरतारा सत्यहुवा, जैनश्वेतांबरधर्मोपदेष्टा–विद्यासागर–न्यायरत्न–महाराज शांतिविजयजीसाहेबने जैनपत्रमेंसाल (१९७३) का–हाल कैसाहोगा ? उसपर एकबरतारेका दियाहुवाबयान तारिख (११) जुन–सन (१९१६) के–अंकमें छपाहै, उसमें लिखाहै–वारीशका योग आषाढसुदी छठ–और–सातमके रौज होगा, उसरौज वारीश बहुत अछीहुइ, और एकमास हुवा वरसाद नहीथा, बीज और तरु–सुकने लगेथे, वारीशहोनेसे बहुतफायदा हुवा, आषाढसुदी पुनम–और–हिंदी श्रावणवदी एकम–गुजराती आषाढवदी एकमके रौज

वारीशहोगी, अैसा बरतारेमें लिखाथा, यहयोगभी सत्यहुवा, और वारीश बहुतहुइ,-देखिये-संवत् (१९७३) के-बरतारेके बारेमें-मजकुर बयान छपाथा, आमलोगोने पढाहोगा,

३३-आगे दलिचंद सुखराज बयानकरते है, करना-कराना कुछ नही, नाहक ! जैनप्रजाकों तेजीमंदीका आडंबरबतलाना कारआमद नहीं होसक्ता,-

(जवाब.) शांतिविजयजी किसीकों कहनेनहीजातेकि-आपलोग मुजे नजुमकेबारेमें पुछनेआओ,-हरसाल-ब-जरीयेनजुमकेमेरा-बरतारा जैनअखबारोमेंछपताहै, कभीदेरहोजाती है-तो-कइमहाशय बजरीयेचीठीके पुछतेहैकि-आपकीतर्फसे निकालाहुवा बरतारा इससाल अबतक क्यौंनहीछपा ? विनाइल्मपढे किसीका आडंबर नहीचलता, आडंबरभी जभीचलताहै, अगरऊसइल्मकों पढेहो,-

(बयान पुस्तक छपवानेके बारेमे.)

३४-फिर दलिचंद सुखराज तेहरीरकरते है, पुस्तकछपवानेके लिये कुछसारे पैसे नहीदिएजाते, कुछहिस्सा दियाजाताहै, और आपतो-कुछरकमलेलेतेहो, फिरवर्सौतक-वे-पुस्तके प्रगटहोतीनही,-

(जवाब.) कौनकहसक्तेहै, ? पुस्तकवर्सौतक प्रगट नहीहोती ? चाहेदेरसे प्रकटहो-या-जल्दीसेहो, मगर-जो-किताब मेरीबनाइहुइ छपनाशुरुहुइ-वो-छपतीजरुरहै,-चाहेकोइ ऊसकाइम्तिहानकरकेदेखे, पेस्तरके जैनमुनि-हस्तलिखितपुस्तकसे जैनसमुदायकों फायदा पहुचातेथे, जमानेहालमें छपेहुवेपुस्तकोसे कामलियाजाताहै,-द्रव्यका खर्च-तो-दोनोकामकेलिये होताहै,-पुस्तकबनाना-या-छपवाना-सहजबात नही, जो आजबनाइ-और-कलछपगइ, पुस्तकछपवानेकेलिये

रकम-श्रावकोसे अवललेनेके सबब-तीनहै,-पहले-तो-धर्मकाममें ढीलकरनाठीकनही, दुसरासबब यहहैकि-प्रेसवालोंको एडवान्सभेजना पडताहै, तीसरासबब-एक-ग्रंथबनानेकेलिये अनेकग्रंथमगवानेपडतेहै, और सबसाधनमिलानापडतेहै, इसीसबब सबरकम पेस्तरलिइजाती है, और-वो-रकमशाथमें रहनेवाले कार्यकर्त्ताकेपास रखीजातीहै, और ऊसकाहिसाब-पुस्तकछपनेकेबाद देखाजाताहै,-जैनोके धार्मिककाय-देकेलिये ग्रंथबनाकरछपवाना-या-जैनअखबारोमें धर्मकेबारेमें लेख लिखना, जैनमुनिका फर्ज है,-

३५-आगे दलिचंद सुखराज इसदलिलको पेंशकरते है-दखन-हैदराबादके श्रावकोंसे-संवत् (१९६५) में-रुपये (१००) लियेथे-वो-पुस्तकछपवाकर ऊनकोंनहीभेजीगइ,-वो-रकम कहां है ?

(जवाब.) जो-पुस्तक दखन-हैदराबादकेश्रावक संवत् (१९६५) की-सालमें छपवानाचाहतेथे,-और-ऊसकेलिये ऊनोने-जो-(१००) रुपयेदियेथे, वो-पुस्तक ऊतनेरुपयोंसें छपनहीसक्तीथी; इसलिये संवत् (१९६६) में-जब-मेराजाना दुसरीदफे तीर्थकुल्पाकजी और-दखन-हैदराबादतर्फहुवा-तब-वहांकेश्रावकोंको कहागयाकि-उतने-रुपयोंमें-जो-पुस्तक नहीछपसक्ती, ऊनोनेकहा, हमनेज्ञानपुस्तकके-निमित्त-सो-रुपयेदियेहै, दुसरेज्ञानपुस्तकके काममेंलगादेना, इसलिये-वो-रकमदुसरे-ज्ञानपुस्तकके काममेंलगादिइगइहै,—

(दरबयान वचनसे शासनदेना.)

३६-फिर दलिचंद सुखराज इसमजमूनको पेंशकरते है, सख्त जबान और अश्लीलजबानका जमीनआस्मानका अंतरहै,-और-प्रवचन सारोद्धार पृष्ठ (४३६) पर-मुनिको-छह-प्रकारकी अप्रशस्तभाषा बोलनेका मना-लिखाहै.-

(जवाब.) मना लिखाहै,-तो-किसअपेक्षासे लिखाहै? इसका खुलासा लिखिये! शास्त्रकारोने हरेकबातमें अपेक्षारखी है,-विनाअपेक्षाके कोइवचन नही, और उसीकों समजना चतराइका काम है, दरअसल! पांचइंद्रियोंकी विषयपुष्टीकेलिये जैनमुनिकों अप्रशस्त भाषा नही बोलनाचाहिये इरादेधर्मरक्षाके-या-शिष्यकों विनय सिखलानेकेलिये वचनसेशासन देना मनानही, देखो आवश्यकसूत्रमें क्या! लिखाहै? उसपर खयालकरो,—

(आवश्यकसूत्रके-अवलअध्ययनमें पाठहैकि,—)

जह जच्च वाहलाणं-अस्साणं जणवएसु जायाणं,
सयमेव खलिण गहणं-अहवावि बलाभिउगेण,
पुरिसज्झाएवि तहा-विणीय विणयंमि नथ्थिअभियोगो,
सेसंमि अभियोगो-जणवयजाए जहा आसे,

(टीका,) यथा जात्यबाल्हिकानामश्वानां जनपदेषु मगधेषु जातानां स्वयमेव खलिनस्य-कविकस्यग्रहणं अथवापि बलाभियोगेन तथा पुरुषजातेपि पुरुषविशेषेपि विनीतविनये अभ्यस्तवैनेयिके नास्ति अभियोगः-शेषेविनयरहिते बलाभियोगो वर्तते,—

माइनाइसपाठका यहहैकि-जैसेजातिवान् घोडा-अपनीलगामकों खुदलेलेताहै,-तो-उसकेलिये बलाभियोग करना कोइजरुरतनही-जो घोडाखुद लगामको नहींलेताहै, उसकोबलाभियोगकरके लगामपहनाइ जातीहै, इसीतरह विनयवानशिष्य अगरखुदसमजजाय-तो-ऊसकों वचनसे शासनदेना कोइजरुरतनही,-जो-शिष्य विनयरहितहो-वो-वचनसे शासनदेनेके काबिलहै, देखिये! आवश्यकसूत्रकापाठ-जोकि-खास! विधिवादकाहै, इसपर गौरकिजिये! शिष्यकों विनयसिखलाना और न्यायरुपी अंकुशमेंरखना गुरुकाफर्जहै,-इसीलिये वचनसे शासनदेना फरमाया,—

३७–आगे दलिचंद सुखराज लिखतेहै,–रायपसेणीसूत्रमें परदेशीराजाका–और–ज्ञातासूत्रमें धर्मरुचि–अणगारका–ऊदाहरणदेतेहो, मगर–वो–चरितानुवादहै,—

(जवाब.) जो–बात–मुताबिक विधिवादके है–वो–खास ! विधिवादहै,–उसको चरितानुवादकहना गलतहै, जैसे–तीर्थंकर–गणधरोंने जिसजिस बातकाहुकम फरमायाहो–और–मुताबिकउसके किसीने बरतावकियावो–खासविधिवादहै, चरितानुवाद नही, चरितानुवाद उसकानामहै,–जिसबातमें तीर्थंकर–गणधरोंका हुकम–न–हो,–और–वो–कामकोइकरे इसलिखनेका मतलब यहहुवाकि–परदेशीराजाका–और–धर्मरुचि–अणगारका उदाहरण–मुताबिकविधिवादके है, चरितानुवादकीतरह, त्यागनेयोग्यनही,–समजसको–तो–समजलो, बात क्याहुइ ? बात यहहुइकि–इरादेधर्मके वचनसेशासनदेना, खासविधिवादहै,–इसमेंकोइशकनही,–हरेकजैनमुनि–जब–व्याख्यान–सभामें धर्मशास्त्रबाचना शुरुकरते है,–तो–यहनिचे दिखलायाहुवा–श्लोकजरुर बोलते है—

अज्ञानतिमिरांधानां–ज्ञानांजनशलाकया,–
नेत्रमुन्मीलितं येन–तस्मै श्रीगुरवे नमः–१

इसका माइना यहहुवाकि–अज्ञानरुपी–अंधकारसें अंधेबनेहुवे शख्शोके नेत्रोमें जिनोने ज्ञानरुपी–शलाकासे–अंजनकिया–उसगुरु महाराजको नमस्कारहो,–देखिये ! इसमें अज्ञानतिमिरांधानां–ऐसा–पाठहै, इसकामतलब क्याहुवा ? सोचो !

(बयान–दीपकरखनेके बारेमें,–)

३८–फिर दलिचंद सुखराज–बयानकरते है, दीपकरखनेकेबारेमें

पुछागयाथा, इसकेजवाबमें कारणसे रखनाकहतेहै, मगर शांतिविजयजी किसकारणसे रखते है,—

(जवाब.) शांतिविजयजी उन्हीकारणसे रखते है, जो-जो-कारण आवश्यकसूत्रके प्रतिक्रमणअध्ययनमें लिखे है, सवालकर्त्ता मजकुर-सूत्र-खोलकरदेखे,—

३९-आगे दलिचंद सुखराज तेहरीरकरते है,-कभी कारणका-सहारा-कभी देशकालकासहारा-कभी रोगादिकासहारा-और कभी कुछ-मगरस्पष्टशब्दोमें जवाबनहीदेना इसकीक्या ! वजह. ?

(जवाब.) इसकी यहीवजहहैकि-जैनशास्त्रोमें जैनमुनिकेलिये कभी कारणकासहारा लेनाकहा, कभी देशकालकासहारा लेनाकहा, कभी रोगादिकासहारा लेनाकहा, शांतिविजयजी पेस्तर स्पष्टशब्दोमें जवाब देचुकेहै, और अबभीदेते है, शांतिविजयजीके जवाबमें कोइक्या गलती निकालेंगे ? उनके जवाबमें तेहरीरकरनेकी जगहनही, जैनशास्त्रोमे जैनमुनिकों रात्रीकेवख्त विहारकरना नहीकहा, मगरकारण आनपडने पर रात्रीकोंभी विहारकरजाना हुकमहै,-उत्तराध्ययनसूत्रमे बयानहै-कि-एकचंडरुद्रनामके जैनाचार्यने रात्रिकेवख्त विहारकिया, देखिये ! यहकारणका सहाराहुवा-या-नही ? जैनशास्त्रोमें जैनमुनिकों चौमा-सेकेदिनोमें विहारनहीकरना, मगर रोगादिकारण आनपडनेपर चौमा-सेकेदिनोमेंभी विहारकरनाहुकमहै, कल्पसूत्रवृत्तिमें पाठहैकि—

अशिवे भोजनाप्राप्तौ-राजरोगपराभवे,
चातुर्मासिकमध्येपि-विहर्तुंकल्पतेन्यतः

देखिये ! इसमे साफलिखाहै,-जैनमुनिकों रोगादिकारण होतो चौमासेकेदिनोंमेंभी विहारकरजाना,-बतलाइये ! यह रोगादिकारणका सहाराहुवा-या-नही ? पेस्तरके जमानेमें जैनमुनि-गांवकेबहार-उ-

ध्यान–बनखंड–या–पहाडोकी गुफामें रहतेथे,–सवालकर्त्ता–बतलावे, आजकल–गावमे–और शहरोमे रहनेका रवाजदिखाइदेताहै, इसकी क्यावजहहै, ? अगर कहाजाय पहलेजैसा–बलपराक्रम–रहा नही, इसलिये देशकालानुसार–चलनापडताहै,–तो–फिर सोचो ! देशकालका सहारालेनापडा–या–नही ?–जमाने पेस्तरके जैनमुनि–दिवसके तीसरेप्रहर भिक्षाकों जातेथे, आजकल दिवसके पहलेदुसरे प्रहरमें जानेकारवाज दिखाइदेताहै,–जैनशास्त्रोमें लिखाहै, जब उपवासव्रत करना–तो–पहलेरोज एकाशनाकरना, और पारनेकेरोजभी एकाशना करनाचाहिये, ऐसीप्रवर्त्ती नजर नहीआती, कहिये ! इसका क्यासबबहै, ?

४०–फिर दलिचंद सुखराज इसदलिलकों पेंशकरते है, व्याख्यानके विना बोलतेसमय मुखवस्त्रिकाकोंआप हाथमें नहीरखते है, इसका क्यासबुतहै, ?

(जवाब.) इसका यह सबुतहैकि,–भाषावर्गणाके पुद्गल चारस्पर्शी है, और वायुकायके जीवोका शरीर आठस्पर्शी होताहै, चारस्पर्शी पुद्गल–वायुकायकेजीवोंकी हिंसानही करसकते,

४१–आगे दलिचंद सुखराज इसमजमूनकों पेंशकरते है, जब शहरधुलियेसे शांतिविजयजी बंबइ गयेथे, जहांजैनोके हजारांघरहै, बहुतसे उपाश्रय और धर्मशाला मौजूदहै, उनकों छोडकर–न्यू–सरदार–आश्रममें ठेरनेका क्याकारण ! बंबइमे वहांका श्रावकसंघ आपकास्वागत करनेकों क्योंनहीआया ?

(जवाब.) बंबइका श्रावकसंघ मेरास्वागतकरनेकों इसलिये नही आयाकि–मेने उनकों खबरनहीदिइथी, और में आंखकीबीमारीकेबारेमें डाक्तरकीराय पुछनेकों और चश्मोकी तलाशकेलिये बंबइगया-

था, अगर-मैं-बंबइके श्रावकसंघकों खबरदेताती-मेरेस्वागतकों-वे-जरुरआते, न-मैंनेखबरदिइ-और-न-वे-आये, कहिये ! इसमेंदलिल क्याथी ? उपाश्रय-और-धर्मशालाछोडकर-न्यू-सरदार-आश्रममें ठहरनेका सबब यहथाकि-वहांकी हवा-आंखकीबीमारीकेलिये फायदेमंदथी, रोगादिकारणसे एकशहरसे दुसरेशहरजाना क्या ! मना है, ? हर्गिज ! नही, ! फिरमुजे इसबातपर कोइ क्या ! ठपका देसकते है, ?

-संवत् (१९७०) की-सालमें शहरपुनेका चौमासा खतमकरके मृगशीरमहिनेमें मेराजाना चश्मोकी तलाशीकेलिये बंबइ हुवाथा, उसवख्त श्रावकोंको खबर नहीदिइथी-तोभी-मालुमहोजानेसे-करीब-दोसो-अढाइसो श्रावक-शिहोर-भावनगर-लींमडी-वढवाण अहमदाबाद-सुरत और मुल्कमारवाड वगेराके मेरेपास आयेथे, और ज्ञानचर्चा होतीथी. एकरौज परेल-मुकामपर जाकरशेठ-गोकलभाइ-मूलचंदजीकी जैनबोर्डिंगमें-मैंने-धर्मकी पुख्तगीपर भाषण दियाथा, आठरौज-बंबइमें ठहरनाहुवाथा, मगर ब-सबब बहुतआदमीयोंकी मुलाकातलेनेके फुरसत कममीलिथी, और चश्मोकी तलाशीकाकामपुरा नहीहुवाथा. सिर्फ ! विलायतसे-जो-डबलब्रीच-फ्रेम-सोर्ट-साइडके चश्मे आयेथे, उसके नंबरोकी तलाशकरनाथा-वो-किइथी. देखिये ! विनाखबर दियेभी-श्रावकोकों मालुमहोनेसे मुजे बंबइमें ज्यादाठहरना पडाथा, अगर-खबरदेकर जाताती-नमालुम-कितनाठहरना पडताथा ?

(दरबयान-स्थंडिलभूमि.)

४२-मैंनेजो पेस्तर तेइससवालोके जवाबमें लिखाथाकि-बडेबडे शहरोमें-जैनमुनि शहरकेबहार स्थंडिलभूमिकों जावेतो-जानआनमें

तीनघंटेलगजावे, फिर धर्मशास्त्र कबबांचे ? इसपर दलिचंद सुखराज लिखते है, तीनघंटेका बहाना बतलाते है, यह गप्पहै,—

(जवाब.) गप्पनही, सचहै, बल्कि ! बंबइ-सुरत-वडोदा-अहमदाबाद-करांची-मुलतान-लाहोर-अमृतसर-देहली-आगरा-लखनऊ-बनारस-कलकत्ता-नागपुर-दखनहैदराबाद-मद्रास--बेंगलोर-और-पुनावगेराशहरोंमें अगर जैनमुनि-बहारशहरके-दिशाजंगलजावे तो-तीनघंटे क्याछहघंटेलगे औरफिरभी जगह-न-मिले, शांतिविजयजी-स्थंडिलभूमिकेये-कभी बहारभी-जाते है, और कभी शहरमें अलग बंधीहुइजगहमेंभी जाते है, शांतिविजयजी किसीबातको उडाते नही, उनकाबरताव जाहिरहै, देखलो ! तुमारे चर्चापत्रपर किसकदर माकुल जवाबदियेहै,—

(पेस्तरकेजैनमुनियोकाठहरना-उद्यान-बनखंडमेंहोताथा.)

